F.Y.B.A.
23/11/17
3 to 6
pages - 2

Library
Hindi-I
FYBA - (old)

Hin I (old)
Sem I

(10)

Q.P. Code : 01045

[समय : ३ घंटे] [कुल अंक: १००]

Please check whether you have got the right question paper.

१. निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- २४

१. ''मुर्गी के लिए इतना क्यों बिगड़ रहे हो? शहर के बड़े लोगों की बड़ी बातें होती हैं। खातिर से खुश हो जाये तो बख्शीश में जो चाहे दे जाएँ। मामूली आदमी नहीं हैं। लड़की के गले में मोतियों की कंठी नहीं देखी?''

अथवा

''आपको तो मना किया था, बाबूजी। अम्मा को समझ नहीं, पर आप तो मना कर सकते थे। सौ बरस पुरानी सड़ी-गली चीजों का भला क्या होगा यहाँ।''

२. ''नयी संस्थाओं में प्रायः वही छात्र आते हैं, जिन्हें कहीं जगह नहीं मिलती। यहाँ भी यही हाल था। क्लासों में अयोग्य छात्र भरे हुए थे। पहले रेले मे जो आया, वह भरती हो गया। भूख में साग-पात सभी रूचिकर होता है। अब पेट भर गया था। छात्र चुन-चुन कर लिये जाते थे।''

अथवा

''दहेज कानून को बदलने या हलका बनाने के बजाय सरकार को लड़कियों को लड़कों की भाँति पैतृक सम्पत्ति में समान अधिकार देने का कानून बनाना चाहिए। इससे एक तो, लड़कियों को आर्थिक अधिकार प्राप्त होगा दूसरे, दहेज की कुप्रथा पर रोक लग जाएगी।''

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३०

१. जयदेवशरण वर्मा और कमला के विवाह का आधार 'सुखमय जीवन' ग्रंथ कैसे बनता है? विस्तार से लिखिए।

अथवा

सोनू की मृत्यू का पियूष पर क्या परिणाम होता है? 'जंगल' कहानी के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

२. महात्मा गांधी के आदर्शों का रामकुमार वर्मा के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा? संक्षेप में प्रकाश डालिए।

अथवा

'कर कमल हो गए' रचना का व्यंग्य अपने शब्दों में लिखिए।

३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रशन का उत्तर लिखिए :- १५

१. 'आँसुओं की होली' कहानी के माध्यम से प्रेमचंद समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं?

अथवा

२. 'नीलकंठः मोर' रेखाचित्र में पक्षियों की विभिन्न प्रकृति का वर्णन लेखिका ने किस प्रकार किया है?

४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- १६

१. 'साहब फिर कब आएँगे माँ।' कहानी की मंगली।

अथवा

मि. नटराजन और गौतम के मध्य हुआ संवाद।

पीछे देखिए...

0C4BF3468DABB1001C728E39777AE8EB

२. प्रेमचंद के आरंभिक जीवन का संघर्ष।

अथवा

'कुरीति तोड़ो, परिवार नहीं' पत्र में चित्रित समस्या।

५. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए:- १५

१. कमला के पिताजी किसे विबाहित समझते थे?
२. 'आँसुओं की होली' कहानी में सिलबिल का वास्तविक नाम क्या था?
३. लेखक ने कौन-सा सच बोलने की भूल की थी?
४. मनोहर का किस वस्तु के प्रति सबसे अधिक आकर्षण था?
५. 'जंगल' कहानी के खरगोश के बच्चों के नाम लिखिए।
६ मंगली की बेटी अंत में क्या पूछती है?
७. मि. नटराजन गौतम को पंडाल में आगे क्यों नहीं बैठने देना चाहते थे?
८. बुजुर्ग दम्पत्ति के बेटे और बहू का क्या नाम था?
९. प्रेमचंद शिक्षा विभाग में किस पद पर थे?
१०. 'मेरा जीवन' किस विधा की रचना है?
११. कुब्जा की मृत्यु कैसे हुई?
१२. मोर का नाम नीलकंठ कैसे पड़ा?
१३. कमल अब किसकी सुरक्षा में मिलते हैं?
१४. जब प्रोफेसर को दस मिनट की देरी होती है, तो विद्यार्थियों को कितने घंटे की देरी होती है?
१५. अर्चना वर्मा के अनुसार विवाह कैसा बंधन है?

....